C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 140 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार ,08 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## वंदे मातरम् हमारे राष्ट्र की आत्मा का स्वर है: भजनलाल शर्मा

### राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पर मुख्यमंत्री ने दिलाई आत्मनिर्भर भारत की शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा की पुकार है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी और करोड़ों भारतीयों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला जलाई।

वे शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत क्रांतिकारियों का मंत्र और एकता का प्रतीक बना। नेताजी सुभाषचंद्र बोस से लेकर स्वतंत्रता सेनानियों तक, यह गीत उनके होंठों पर अंतिम क्षणों तक रहा। अंग्रेजों को इसकी ताकत का अंदाज़ा था, तभी उन्होंने इसे सार्वजनिक रूप से गाने पर रोक लगा दी थी।



शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् आज भी उतना ही प्रासंगिक है । यह भारत की अखंडता, एकता और आत्मशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस गीत की भावना को जीवन में उतारें, देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें और सिर्फ नारे नहीं, कर्म से राष्ट्रसेवा का संकल्प लें।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर नई पहचान बना रहा है हम अंतरिक्ष में चंद्रयान भेज रहे हैं, डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं और आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहने का परिणाम है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वंदे मातरम् की थीम पर प्रदर्शनी और सैंड आर्ट का अवलोकन किया, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा ड्रोन शो और पुष्प वर्षा के साथ राष्ट्रभक्ति का उत्सव मनाया गया। एसएमएस स्टेडियम भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोषों से गूंज उठा। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, अरुण चतुर्वेदी, सांसद मदन राठौड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और आमजन उपस्थित रहे।

## दादा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा :**



थाना पुलिस ने दादा की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी श्रवण बागरिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस द्वारा दादा की हत्या के मामले में थानाधिकारी पुरणमल मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी की लगातार निगरानी करते हुए वैज्ञानिक और परंपरागत पुलिसिंग तरीकों का उपयोग किया।

बीती 2 नवंबर की रात नागा का बाड़िया, चिताम्बा निवासी मोहन बागरिया की उनके ही पोते श्रवण बागरिया, पुत्रवधू शारदा और पत्नी हिरू ने मिलकर हत्या कर दी थी।

मृतक के बेटे प्रेम बागरिया ने रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी परिवारजन कुल्हाड़ी, लाठियाँ और मिर्च पाउडर लेकर घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए पिता मोहन बागरिया पर भी उन्होंने हमला कर दिया और घसीटकर अपने घर ले गए। वहाँ कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या कर दी गई।इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू की । घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस टीम ने मुखबिरों की मदद, मोबाइल सीडीआर विश्लेषण और लगातार निगरानी के माध्यम से आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## गहलोत बोले-शिकायत करने जाएं तो किसके पास? सरकार गायब है

### पूर्व सीएम ने कहा प्रदेश में बीजेपी शासन में हाहाकार, मंत्रियों की नहीं हो रही सुनवाई, लाल डायरी थी खाली

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को जयपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान राज्य सरकार और बीजेपी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस समय अराजकता का माहौल है, लोग त्रस्त हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं।

गहलोत ने कहा, कहीं चले जाओ, लोग दुखी हैं। चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। जनता पूछती है शिकायत करें तो किसके पास जाएं? उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के अपने विधायक और मंत्री तक बेबस हैं कई मंत्री कहते हैं, हमारी बात हमारे सचिव तक नहीं सुनते। मुख्यमंत्री की खुद की सुनवाई होती है या नहीं, इस पर भी संदेह है।

**अहंकार का साथ दो-ये किसी मुख्यमंत्री की भाषा नहीं**

पूर्व सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री को शासन चलाने के लिए अधिकार और आत्मसंयम दोनों की जरूरत होती है। उन्होंने तंज कसा, अब तो कहा जा रहा है, बुराई का साथ दो, अहंकार का साथ दो। क्या किसी राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा बोल सकता है? मैं तो अब यह ढूंढ रहा हूं कि इनका सलाहकार कौन है।

**लाल डायरी पर नया हमला खाली थी, सिर्फ राजनीतिक साज़िश**

अंता उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया पर राजेंद्र गुढ़ा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए गहलोत ने कहा, वो लाल डायरी कहां गई? मैंने पहले ही कहा था कि यह बीजेपी हाईकमान की बनाई स्क्रिप्ट थी। प्रधानमंत्री ने भी उसी मुद्दे को मंच से उठाया, लेकिन डायरी निकली खाली। बीजेपी ने इसे कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए बनाया, पर सच सामने आ गया।

उन्होंने कहा कि बीजेपी ने कन्हैयालाल टेलर के परिवार को न्याय दिलाने की बजाय सस्ती राजनीति की। पांच लाख बनाम 50 लाख का मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह किया गया, लेकिन आज तक उस परिवार को न्याय नहीं मिला।

**राजस्थान में संवेदनहीन सरकार, मुआवजा अब धरनों से मिलता है**

जयपुर डंपर हादसे पर गहलोत ने राज्य सरकार की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। कहा आज हाल यह है कि कोई हादसा हो जाए तो सरकार मुआवजा तब देती है जब लोग धरने पर बैठ जाते हैं। मैंने खुद मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारी तक मान रहे हैं कि यह सरकार संवेदनहीन है।

**वंदे मातरम् कांग्रेस की विरासत, बीजेपी उसे हथिया रही है**

गहलोत ने बीजेपी पर राष्ट्रभक्ति के प्रतीकों को 'राजनीतिक कार्यक्रम' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा आरएसएस ने अपनी शाखाओं में कभी वंदे मातरम् नहीं गाया, न ही तिरंगा फहराया। अब कांग्रेस की विरासत को हथियाने की कोशिश हो रही है। गांधी, नेहरू, पटेल ये सब



कांग्रेस की पहचान हैं, जिन्हें ये लोग अपना बताना चाहते हैं।


उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होना गर्व का विषय है, लेकिन बीजेपी ने इसे पूरे देश का पर्व बनाने की बजाय पार्टी कार्यक्रम बना दिया है। विरासत चुराने से इतिहास नहीं बदलेगा।

**राजनीति में संयम जरूरी है**

गहलोत ने कहा कि राजनीति में संयम और संवेदनशीलता ही असली ताकत है। मैं हर बात सोच-समझकर बोलता हूं। सत्ता में रहकर भी अगर जनता तक आपकी बात न पहुंचे, तो उस सत्ता का कोई अर्थ नहीं रह जाता।

## सड़क हादसे में विवाहिता की मौत ,पति और बच्ची बाल-बाल बचे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



रीको क्षेत्र के पास शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक विवाहिता की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब परिवार बस पकड़ने के लिए निकला , लेकिन रास्ते में टूटी सड़क मौत का सबब बन गई।

जानकारी के अनुसार सलावट मोहल्ला निवासी लीला देवी पत्नी चंदू माली अपने पति और छह माह की बच्ची के साथ शक्करगढ़ जाने के लिए घर से निकली थीं। जयपुर की ओर जाने वाली बस सुबह 7 बजे तेजाजी चौक से रवाना हो चुकी थी। समय निकल जाने पर पति चंदू माली ने पत्नी और बच्ची को बाइक पर बैठाकर बस का पीछा शुरू किया। रीको क्षेत्र के पास सड़क के टूटे हिस्से में बाइक अचानक खड्डे में फिसल गई, जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में लीला देवी के सिर पर गंभीर चोटें आई और उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को कस्बा स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने लीला देवी को जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नेशनल हाईवे स्थित आण दांतड़ा गांव के पास शुक्रवार को एक चलती कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कार सवारों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बाहर निकलकर जान बचा ली, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात कारणों से लगी आग ने कुछ ही क्षणों में विकराल रूप ले लिया और पूरी कार आग का गोला बन गई। सूचना मिलते ही नगर पालिका आसींद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। वही पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू की है।

## राज्य सरकार देगी 1700 करोड़ की राहत, नकली खाद-बीज पर सख्ती बढ़ी : कृषि मंत्री मीणा

### किसानों को मिलेगा दोहरी राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य में किसानों को नुकसान की पूरी भरपाई की जाएगी और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ अभियान अब रुकेगा नहीं। उन्होंने कहा, अंता उपचुनाव के बाद कोटा में बड़ी कार्रवाई होगी। मंत्री शुक्रवार को कोटा सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों पर तंज कसते हुए कहा, मछली कब पानी पी जाए, पता नहीं चलता, उसी तरह कुछ अधिकारी कब भ्रष्टाचार कर जाएं, कहा नहीं जा सकता।उन्होंने कहा कि निगरानी रखना जरूरी है और जो भी दोषी होगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

डॉ. मीणा ने बताया कि इस बार प्रदेश में सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान कोटा और बारां जिलों में हुआ है। राज्य



सरकार ने ड्रोन से सर्वे करवाकर नुकसान का आकलन किया है। किसानों को दो तरह से राहत दी जाएगी । जिसमे फसल बीमा योजना से भुगतान, आपदा राहत कोष से मुआवजा मिलेगा ।

उन्होंने कहा, जिन किसानों की फसलें खेतों में कटी पड़ी हैं, उन्हें भी पूरा भुगतान मिलेगा। मांगरोल क्षेत्र में शत-प्रतिशत नुकसान माना गया है, वहां सभी किसानों को पूरी राहत दी जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार किसानों को 1700 करोड़ रुपये की राहत दे रही है। सिर्फ कोटा जिले के लिए 150 करोड़ रुपये, जबकि हाड़ौती के चारों जिलों में कुल 500 करोड़ रुपये का बीमा भुगतान होगा। इसके अतिरिक्त, 500 करोड़ रुपये आपदा राहत के तहत भी दिए जाएंगे।

डॉ. मीणा ने कहा कि अब नकली खाद और बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अब तक 76 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 11 बड़ी फर्मों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। गंगानगर में एक बड़ी कंपनी को सीज किया गया है जो चमकीली पैकिंग में नकली खाद बेच रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हित में नया कानून लाने जा रही है, ताकि उन्हें केवल उत्तम क्वालिटी की खाद-बीज और पेस्टिसाइड ही मिल सकें।

मंत्री ने कहा, मैं खुद किसान का बेटा हूं, खेत में काम कर चुका हूं, किसानों की तकलीफ समझता हूं। सरकार खुद किसानों के साथ है, किसी के बहकावे में न आएं।

अंता उपचुनाव को लेकर डॉ. मीणा ने कहा कि बीजेपी प्रत्याशी मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हाड़ौती में ऐतिहासिक विकास कार्य करवाए हैं, जनता आज भी उन्हें याद करती है। राजनीति में बढ़ती बदजुबानी पर उन्होंने कहा कि बीजेपी का प्रत्याशी संयमी और सौम्य है, जबकि विपक्ष हताशा में असभ्य भाषा का प्रयोग कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की नीति 'ल जीरो टॉलरेंस की है। उन्होंने बताया कि अब तक कई भ्रष्ट अफसरों को जेल भेजा गया है, यहां तक कि आरपीएससी के दो सदस्य भी जेल में हैं। उन्होंने कहा, जिसने भ्रष्टाचार किया, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# होटल से एसी का आउटडोर यूनिट और तांबे की पाइप चोरी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



शक्करगढ़ चौराहे स्थित विन्ध्यावली पैलेस होटल में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने एसी का आउटडोर यूनिट और तांबे की पाइप चोरी कर ली। चोरी की यह वारदात शुक्रवार सुबह सामने आई, जब होटल संचालक अनिल कुमार टाक पुत्र चमन सिंह टाक ने पीछे के हिस्से का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने होटल के उत्तरी दिशा पीछे बने कमरे की दीवार पर लगी एसी यूनिट को तोड़कर उसका आउटडोर और तांबे की पाइप खोल ली। मौके से पाने, चाकू और बिछाने की दरी बरामद हुई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरी रात के समय हुई। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है ।

# ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला।**



कस्बे के चारभुजा कॉम्प्लेक्स स्थित श्री मातेश्वरी ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने डेढ़ तोला सोना और दो किलो चांदी के गहने चोरी कर लिए। चोरों ने शटर उचकाकर दुकान में सेंध लगाई, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

दुकान मालिक रमाकांत सोनी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। खास बात यह कि चोरी की जगह से सिर्फ 50 मीटर दूर पुलिस चौकी बंद पड़ी है। कस्बेवासियों ने चौकी को तत्काल चालू करने और रात्री गश्त बढ़ाने की मांग की है। घटना के बाद व्यापारियों में भय और रोष का माहौल है।

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर में उमड़ी राष्ट्रभक्ति



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को जिलेभर में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रभात फेरी, दौड़, बाइक रैली और प्रदर्शनी से शहर का वातावरण वंदे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टॉउनहॉल में हुआ, जिसका शुभारंभ विधायक अशोक कोठारी और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने किया। कार्यक्रम में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि आज़ादी की लड़ाई और राष्ट्रभक्ति की सबसे बड़ी प्रेरणा है।

इससे पूर्व कलेक्ट्रेट से प्रभात फेरी, दौड़ और बाइक रैली आयोजित हुई। राजेन्द्र मार्ग विद्यालय में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से टॉउनहॉल में माहौल भावनात्मक बना दिया।

# प्रेम विवाह का परिणामः पत्नी के रिश्तेदार ने युवक को पत्थर मारकर घायल, अस्पताल में भर्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के अहिंसा सर्किल पर गुरुवार रात एक युवक पर पत्थर से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक की पहचान ढोकलिया कोटड़ी निवासी 21 वर्षीय गौतम शर्मा पुत्र पप्पूलाल शर्मा के रूप में हुई है। गौतम ने करीब डेढ़ माह पहले प्रेम विवाह किया था। सिर पर गंभीर चोट लगने से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लड़की के रिश्तेदार पर हमले का आरोप

घायल गौतम ने आरोप लगाया है कि उस पर हमला उसकी पत्नी के रिश्तेदार कन्हैयालाल ने किया। उसने बताया कि शादी के बाद से ही उसे लगातार धमकियां मिल रही थीं। कुछ दिन पहले उसके घर पर भी पत्थर फेंके गए और खिड़कियां तोड़ी गई थीं। इस संबंध में वह कोटड़ी थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवा चुका है।

### अहिंसा सर्किल पर अचानक हुआ हमला

गौतम के मुताबिक, गुरुवार रात वह काम के सिलसिले में शहर आया था। रात को सामान लेने के लिए वह अहिंसा सर्किल के पास खड़ा था, तभी पीछे से कन्हैयालाल आया और बिना कुछ कहे पत्थर से सिर पर वार कर दिया। चोट लगते ही गौतम लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### पुलिस ने अस्पताल में ली जानकारी

घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह सुभाषनगर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और घायल से बयान लिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# मेरे पाले हुए टॉमी भाजपा में चले गए : नीरज गुर्जर

## कोठाज में कांग्रेस नेता का सियासी हमला, कहा अवसरवादी नेताओं को कहीं सम्मान नहीं मिलता

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**





**(गजानंद जोशी)।** कोटड़ी क्षेत्र के कोठाज गांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता नीरज गुर्जर ने मंच से ऐसा बयान दिया जिसने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी। उन्होंने पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सरपंचों पर सीधा हमला बोला और वफादारी बनाम अवसरवाद की बहस को फिर से हवा दे दी।

नीरज गुर्जर ने अपने भाषण में कहा भाजपा के सरपंचों ने कांग्रेस शासनकाल में भी अपनी पार्टी का झंडा ऊंचा रखा। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने वफादारी निभाई, यह काबिल-ए-तारीफ है। लेकिन उनका असली निशाना उन सरपंचों पर रहा जो सत्ता परिवर्तन के साथ पार्टी बदल चुके हैं।

मेरे पाले हुए टॉमी भाजपा में चले गएज ऐसे लोग वफादारी का मतलब भूल गए हैं।

गुर्जर यहीं नहीं रुके। उन्होंने ऐसे नेताओं को दलाल बताते हुए चेतावनी दी कि

जो लोग सिर्फ स्वार्थ के लिए दल बदलते हैं, उन्हें न तो सम्मान मिलता है और न किसी पार्टी में स्थायी स्थान।

उनके इस तीखे बयान से कोटड़ी क्षेत्र की राजनीति में नई सरगर्मी आ गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नीरज गुर्जर का यह बयान आगामी पंचायत चुनावों से पहले वफादारी बनाम अवसरवाद के मुद्दे को केंद्र में ला सकता है। सोशल मीडिया पर भी यह टिप्पणी चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बयान राजनीतिक समीकरणों में बड़े बदलाव का संकेत हो सकता है।

# कांग्रेस नेता के बयान पर विधायक मीणा ने किया पलटवार बोले अमर्यादित व्यवहार कांग्रेस की हताशा का प्रतीक



कांग्रेस के पूर्व प्रधान और नेता नीरज गुर्जर द्वारा भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं के प्रति अमर्यादित और असभ्य टिप्पणी किए जाने के बाद विधायक गोपीचंद मीणा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बयान कांग्रेस की हताशा, निराशा और राजनीतिक असुरक्षा की झलक है।

विधायक मीणा ने कहा कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस से निराश कई कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासोन्मुखी सोच और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। ये वही स्वाभिमानी और कर्मनिष्ठ लोग हैं जिन्होंने अपने आत्मसम्मान और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं है, वहां आत्मसम्मान रखने वाला व्यक्ति नहीं टिक सकता। नीरज गुर्जर जैसे नेताओं के अमर्यादित शब्द इस बात का प्रमाण हैं कि कांग्रेस अब दिशाहीन और नकारात्मक राजनीति में फंस चुकी है।

मीणा ने कहा कि भाजपा में लोग रीति-नीति और मर्यादित आचरण से प्रभावित होकर आते हैं। हम सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहाजपुर-कोटड़ी क्षेत्र में डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में आजादी के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए हैं।

विधायक ने कहा कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं के प्रति असभ्य भाषा का प्रयोग कर कांग्रेस नेताओं ने अपनी राजनीतिक असहिष्णुता को उजागर किया है। भाजपा में हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है, और यही कारण है कि आज जनता और कार्यकर्ता दोनों भाजपा पर भरोसा जता रहे हैं

# 15 दिन में दस्तावेज नहीं तो रद्द होंगे पट्टे, बिजौलिया पालिका ने जारी की चेतावनी

## पाँच कॉलोनियाँ जांच के घेरे में नगर पालिका का सख्त नोटिस जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**




नगर पालिका बिजौलिया ने अवैध कॉलोनियों और संदिग्ध भूमि स्वामित्व के मामलों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। पालिका ने जानकी नगर, साधु सीताराम दास कॉलोनी, पथिक नगर-3, माणक मगरी आवासीय योजना और शिव नगरी की जांच के दौरान पाया कि इन कॉलोनियों में जारी किए गए अधिकांश पट्टे न्यायालय द्वारा निरस्त या नियमानुसार शून्य घोषित हैं।

जाँच में यह भी सामने आया है कि जिन भूखंडों पर रिहायशी उपयोग का दावा किया गया, वहाँ मौके पर कोई स्थायी निर्माण या निवास के प्रमाण नहीं मिले।

नगर पालिका ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित पक्षकारों को 15 दिन का अंतिम अवसर दिया है। इस अवधि में उन्हें अपने भूखंड के स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज़ जैसे पट्टा, रजिस्ट्री, फोटो या अन्य साक्ष्य कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे।

नगर पालिका ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह माना जाएगा कि संबंधित व्यक्ति ने कूटरचित दस्तावेज़ों के माध्यम से राजकीय भूमि पर अतिक्रमण या अवैध स्वामित्व अंतरण का प्रयास किया है।

ऐसे मामलों में नगर पालिका एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए विवादित भूखंडों को शून्य घोषित कर देगी और उनका पुनः नियोजन, आवंटन या विक्रय नियमानुसार किया जाएगा।

पालिका ईओ पंकज मंगल ने स्पष्ट कहा है कि 15 दिन की अवधि के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई शहर की अव्यवस्थित कॉलोनियों को नियमित करने और आवासीय कॉलोनी में हुए अवैध कब्जों को हटाने एवं पात्र को भूखंड उपलब्ध कराया जा सके , इसकी तैयारियो को लेकर की जा रही है ।



## QUICK BITES

## पंडेर की प्रियंका शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



**(गजानंद जोशी)**। क्षेत्र की पंडेर ग्राम पंचायत की निवासी प्रियंका शर्मा पुत्री लालचंद शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। यह उपाधि महाराजा विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा प्रदान की गई।
प्रियंका शर्मा ने विभिन्न निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों के रचनात्मक स्तर एवं शैक्षिक उपलब्धि विषय पर शोध कार्य पूरा किया। यह शोध प्रो. विनोद कुमार उपाध्याय के निर्देशन में संपन्न हुआ।
अपने शोध में प्रियंका ने बताया कि सृजनात्मकता एक मनोहारी योग्यता है जो प्रत्येक व्यक्ति में निहित होती है, और इसे छात्र निरंतर सक्रियता एवं प्रेरणा से विकसित कर सकता है।

## हॉकी इंडिया का 100 वां स्थापना दिवस मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव )**:- कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मेजर ध्यानचंद हॉकी खेल मैदान में हॉकी टीम के द्वारा हॉकी इंडिया का 100 वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया । इस दौरान कस्बा व भीलवाड़ा की टीमों के बीच मैत्री मुकाबला खेला गया । स्थानीय हॉकी कोच ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि हॉकी टीमों के द्वारा सवाईपुर में हॉकी इंडिया का 100 वा स्थापना दिवस मनाया गया, इस मौके पर मेजर ध्यानचंद हॉकी खेल मैदान पर सवाईपुर व भीलवाड़ा की टीमों के बीच मैत्री मुकाबला खेला गया । इस दौरान हॉकी भीलवाड़ा अध्यक्ष व पूर्व सभापति मधु जाजू और कार्यवाहक सचिव संपत कोठारी ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की । इस दौरान सवाईपुर हॉकी के संस्थापक जगदीश चंद्र श्रोत्रिय, शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल, शारीरिक शिक्षक अभिषेक श्रोत्रिय, घनश्याम पुरोहित, पंकज श्रोत्रिय, प्रमोद श्रोत्रिय सहित अन्य पूर्व खिलाडी, सीनियर व जूनियर खिलाड़ी मौजूद रहे ।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सरकारी भवनों में गूंजा वंदे मातरम् , देशभक्ति के रंग में सरोबार हुआ कोटड़ी क्षेत्र

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

**राजेंद्र 'बबलू' पोखरना।**





वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के सभी राजकीय परिसरों और विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत का सामूहिक वाचन किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में एक स्वर में उठे वंदे मातरम् और जय भारत के उद्घोष से पूरा क्षेत्र देशभक्ति की भावना से सरोबार हो गया।उपखंड मुख्यालय स्थित शरबती गाड़ोदिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने देशवासियों में आज़ादी की भावना जगाई। उन्होंने कहा कि बालिकाएं शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार व समाज को समृद्ध बना रही हैं ,यह स्वतंत्रता के मायने को साकार करता है।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने देश की स्वतंत्रता से पहले और बाद की परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को मोबाइल का सकारात्मक उपयोग करने की सीख दी।
वहीं, अतिरिक्त बीईईओ सुभाष चंद्र अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
विद्यालय की संस्था प्रधान प्रियंका डागा ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी और सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने देशभक्ति और राजस्थानी गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इस मौके पर रामप्रकाश मीणा, एओ रामसिंह मीणा, जगदीशचंद्र मीणा, राधेश्याम बियाणी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शांतिलाल पोखरना, बिजली विभाग के महेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का संचालन भंवरलाल भाम्भी ने किया। इसके अलावा उपखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में भी राष्ट्रगीत का वाचन हुआ, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई और विद्यार्थियों ने देशभक्ति रैली निकालकर देशप्रेम का संदेश दिया।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर भीलवाड़ा साइकिल क्लब ने निकाली देशभक्ति रैली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





साइकिल से संदेश हमारा वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत प्यारा जैसे जोशीले नारों से शुक्रवार को भीलवाड़ा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। अवसर था वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित साइकिल रैली का, जिसे भीलवाड़ा साइकिल क्लब ने विशेष देशभक्ति कार्यक्रम के तहत आयोजित किया।
रैली प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि सूर्योदय से पहले सुबह 6 बजे शहर की विभिन्न कॉलोनियों से साइकिल ग्रुप के सदस्य देशभक्ति जोश के साथ स्टेशन चौराहे पर एकत्र हुए। इसके बाद सभी साइकिल सवार कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहाँ कलेक्टर जसमीत संधू, समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा और जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।
रैली कलेक्ट्रेट से रवाना होकर ओवरब्रिज मार्ग से पुलिस लाइन तक पहुंची, जहाँ इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में 'वंदे मातरम्' और 'जय भारत' के नारों से शहर का वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन भी उपस्थित रहे।
इस रैली में स्कूली बालक-बालिकाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन ने सामाजिक एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।
रैली प्रभारी मुछाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गौरवपूर्ण इतिहास और देशप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था।
इस अवसर पर साइकिल क्लब के सदस्य तिलोकचंद छाबड़ा, अरुण संतोष मुछाल, मुकेश कुमावत, दिनेश भट्ट, नरेश बाहेती, आशुतोष आचार्य, सत्यनारायण राठी, कृष्ण गोपाल जागेटिया, डॉ. हेमेंद्र कौशिक, राजकुमार अजमेरा, मदन खटोड़, राकेश सक्सेना, भेरूलाल सुवालका, सुरेश बंब, अशोक राठी, मुकेश सामरिया, नरेंद्र बापना, प्रतीक ईनाणी सहित बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमी शामिल हुए।

# बीगोद में तहबाजारी शुल्क वसूली पर भड़के दुकानदार

## टेंडर निरस्त करने की मांग को लेकर मांडलगढ़ एसडीएम को सौपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद / मांडलगढ़



कस्बे में नगर पालिका द्वारा सब्जी विक्रेताओं और फुटपाथ पर धंधा करने वालों से तहबाजारी शुल्क वसूली शुरू किए जाने पर स्थानीय दुकानदारों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को ग्रामीणों और महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए टैक्स वसूली बंद करने की मांग की और मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी को सामूहिक ज्ञापन सौंपा।
विक्रेताओं ने ज्ञापन में बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इसी स्थान पर सब्जी, फल, मणिहारी आदि का व्यवसाय कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।
लेकिन 4 नवम्बर से नगर पालिका ने भैरूनाथ एसोसिएट नामक फर्म के माध्यम से प्रति दुकानदार 20 रुपए प्रतिदिन तहबाजारी शुल्क वसूलना शुरू कर दिया है, जबकि पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा कभी भी ऐसा कोई शुल्क नहीं लिया गया था।
इस वसूली से नाराज दुकानदारों ने कहा कि वे सभी गरीब तबके से हैं, रोजाना मेहनत से परिवार का गुज़ारा करते हैं। अब नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन शुल्क वसूली से उनका जीविकोपार्जन कठिन हो गया है।
सामाजिक कार्यकर्ता मुनीर लोहार, कयूम लौहार, रज्जाक मोहम्मद, गोविंद कुमार और लोकेश माली ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को सभी दुकानदारों ने कारोबार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया तथा बस स्टैंड पर बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा की।
मुनीर लोहार ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया की जांच कराई जाए, भैरूनाथ एसोसिएट का टेंडर निरस्त किया जाए और छोटे दुकानदारों को राहत दी जाए।

# खटवाड़ा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

## मातृशक्ति जागरण व सामाजिक समरसता पर हुआ विचार-विमर्श

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

स्थानीय आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय, बीगोद की ओर से विद्यालय के पोषक ग्राम खटवाड़ा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को सामाजिक जागरूकता, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका ललिता सनाढ्य ने की, जबकि सोनू सुखवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता हेमलता गौड़ ने



मातृशक्ति जागरण पर विस्तार से विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन में माताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व-बोध और नागरिक कर्तव्यों पर प्रेरक संदेश दिए। कार्यक्रम में लगभग 70 माताओं और बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में ललिता सनाढ्य ने मातृशक्ति की भूमिका को समाज की वास्तविक शक्ति बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव गोविंद कुमार पारीक एवं सभी आचार्य दीदीयों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संजना कंवर राणावत ने किया।

# बोरड़ा बावरियान में वन क्षेत्र से लकड़ी चोरी का विरोध , ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

## सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी।

उपखंड के ग्राम पंचायत बोरड़ा बावरियान के आरक्षित वन क्षेत्र से बड़े पैमाने पर लकड़ी चोरी के मामले ने शुक्रवार को तूल पकड़ लिया। ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वन विभाग की लापरवाही और मिलीभगत के आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र रेगर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने एसडीओ शाहपुरा को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि दोषियों के खिलाफ सात दिन में सख्त कार्रवाई की जाए,



अन्यथा वे धरना और व्यापक आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते तीन दिनों में जेसीबी मशीनों से पेड़ उखाड़कर करीब 500 क्विंटल लकड़ी चोरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि विभागीय मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं। रेगर ने कहा कि यह केवल लकड़ी चोरी नहीं, बल्कि वन संपदा और पर्यावरण की खुली लूट है। उन्होंने मांग की कि उच्च स्तरीय जांच या सीबीआई जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेसजन मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को जिलेभर में फैलाया जाएगा।

# 29 नवंबर को होगा 28वां लोककवि मोहन मण्डेला स्मृति सम्मान समारोह

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर के कवि होंगे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -

मूलचंद पेसवानी।

साहित्य सृजन कला संगम, शाहपुरा द्वारा राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोककवि स्व. मोहन मण्डेला की स्मृति में आयोजित होने वाला लोककवि मोहन मण्डेला स्मृति लोक साहित्य सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन इस वर्ष 29 नवंबर को अपने 28वें संस्करण में भव्य रूप से आयोजित होगा। संस्थान अध्यक्ष जयदेव जोशी ने बताया कि यह आयोजन लोक साहित्य और लोकसंस्कृति को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त परंपरा बन चुका है। इस बार देशभर के नामचीन कवि कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो हास्य, व्यंग्य, वीर और श्रृंगार रस की रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान एक विशिष्ट



साहित्यकार को लोककवि मोहन मण्डेला स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। संस्था के सह सचिव दिनेश बंटी ने बताया कि आयोजन को इस बार नए स्वरूप और आधुनिक मंच साज-सज्जा के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

हर वर्ष की तरह यह कवि सम्मेलन शाहपुरा में साहित्यप्रेमियों के लिए एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप लेगा, जो लोकभाषा और साहित्य की परंपरा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा।

# कलेक्टर जसमीत संधू ने किया भीलवाड़ा डेयरी प्लांट का निरीक्षण

## समीक्षा बैठक में डेयरी की योजनाओं और प्रगति पर चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को भीलवाड़ा डेयरी प्लांट का भ्रमण किया और डेयरी, सहकारिता, पशुपालन सहित संबंधित विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली।

बैठक में डेयरी प्रबंध संचालक दिव्यम कपूरिया ने डेयरी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर को यूएचटी प्लांट और गुलाबपुरा में बन रहे कैटल फीड प्लांट की जानकारी



दी गई।

बैठक में नरेगा योजनाओं, महिला पशुपालन विभाग की गतिविधियों, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण अभियान, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने डेयरी द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना की और बेहतर समन्वय से ग्रामीण स्तर पर डेयरी विकास पर जोर दिया।

इसके बाद कलेक्टर ने नव उद्घाटित यूएचटी प्लांट और डेयरी परिसर का निरीक्षण किया। बैठक में सेन्ट्रल कोऑपरेटिव बैंक प्रबंधक आलोक चौधरी, उप रजिस्ट्रार अरविंद ओझा, संयुक्त निदेशक पशुपालन आशुतोष मेहता, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री मसानिया कालभैरव जन्मोत्सव पर होगा छप्पन भोग, महाआरती


## दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पंचमुखी मोक्षधाम स्थित श्री मसानिया काल भैरव मंदिर प्रांगण में आगामी 11 व 12 नवम्बर को भव्य काल भैरव अष्टमी जन्मोत्सव का दो दिवसीय धार्मिक आयोजन धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान छप्पन भोग, महाआरती सहित कई दिव्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम समिति अध्यक्ष रविकुमार खटीक ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ मंगलवार की रात 8:15 बजे भजन संध्या से होगा। इसके बाद 10:15 बजे महाभिषेक तथा रात 12:15 बजे भव्य आतिशबाज़ी से वातावरण भक्तिमय बनेगा। दूसरे दिन बुधवार) को सुबह 9:15 बजे पंडित अशोक व्यास व मंडली द्वारा काल भैरव यज्ञ, 11:15 बजे ध्वज स्थापना, 12:15 बजे छप्पन भोग प्रसाद वितरण,

और शाम 7:15 बजे चिता भस्म आरती का आयोजन होगा।

मंदिर पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि आयोजन स्थल श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर, पंचमुखी मोक्षधाम, भीलवाड़ा रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।




# QUICK BITES

## वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने का लिया निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



**गजानंद जोशी** पंडेर क्षेत्र के जाट समाज के लोगों ने शुक्रवार को तेजाजी महाराज की मूर्ति स्थापना करने को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासन से अनुमति की मांग की । जानकारी के अनुसार पडेर के नए बस स्टैंड पर जाट समाज के लोगों द्वारा तेजाजी महाराज की घोड़ी के साथ प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीगीत-वंदे मातरम' के 150 वर्ष पर जिले के चिकित्सा संस्थानों में उमड़ी देशभक्ति की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जन-जन में राष्ट्रीय गौरव, सेवा भावना, राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने और स्वदेशी उत्पादों के प्रति सम्मान को जागृत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों व स्वास्थ्य कार्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि वंदे मातरम कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमएचओ, परिवार कल्याण कार्यालय सहित टीबी अस्पताल व जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में राष्ट्रगीत के महत्व पर चर्चा की गई तथा देशभक्ति और स्वदेशी चेतना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थानों में कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' गीत व राष्ट्रगान का गायन कर देशप्रेम की भावना को नई ऊर्जा दी। इस अवसर पर संस्थानों में स्वच्छता व स्वदेशी का संकल्प लेकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल रक्तदान शिविर, 172 यूनिट रक्त संग्रहित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के खरेड़ गांव स्थित देवनारायण मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर और निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन सोपुरा निवासी समाजसेवी देवराज जाट द्वारा सेवार्थ फाउंडेशन संस्थान के सहयोग से किया गया। संस्थान के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। इसमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें कुल 172 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। वहीं, निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर में 325 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 40 मरीजों के ऑपरेशन किए जाएंगे और 100 मरीजों को चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, उप जिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, पूर्व जिला महामंत्री संतू गुगड़, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश तिवारी, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, युवा नेता भरत सिंह पडासोली, पंचायत समिति सदस्य ललिता कंवर, किसान नेता बद्रीलाल जाट, पूर्व सरपंच नवरतन श्रोत्रिय, कुलदीप सिंह जिल्यास, एडवोकेट सत्यनारायण तेली, श्रवण सोनी, हीरालाल जाट, भंवरलाल जाट सहित कई लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।